भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

!!! सावधानः फर्जी भर्ती से सावधान रहें !!!

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा.वि.प्रा.) को यह रिपोर्ट किया गया है कि बेईमान लोगों/धोखेबाजों/दलालों/एजेंटों ने अपनी झूठी आईडी बनाकर खुद को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के भर्तीकर्ता के रूप में प्रस्तुत करके भा.वि. प्रा. में लुभावने करियर हेतु फर्जी नौकरी के अवसरों की फर्जी भर्ती नोटिस/संदेश/मोबाइल फोन कॉल के माध्यम से संभावित अभ्यार्थियों को धोखा देने की कोशिश की है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण संभावित नौकरी चाहने वालों से आग्रह करता है कि वे किसी अन्य वेबसाइट के बजाय, एएआई वेबसाइट **www.aai.aero** के करियर खंड पर ही भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में नौकरी के विज्ञापन/संदेश/कॉल लेटर/नियुक्ति पत्र की प्रामाणिकता की पुष्टि करते हुए सतर्कता और समुचित सावधानी बरतें।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में भर्ती से संबंधित सभी विवरण जैसे विस्तृत विज्ञापन, आवेदन सत्यापन/साक्षात्कार कार्यक्रम, अंतिम परिणाम आदि भा.वि. प्रा. की आधिकारिक वेबसाइट **www.aai.aero** पर प्रकाशित किए जाते हैं।

आवेदन शुल्क केवल ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय देय है, जिसका विज्ञापन में स्पष्ट उल्लेख किया जाता है और यह केवल अनारक्षित और ओबीसी (एनसीएल) श्रेणियों से संबंधित पुरुष उम्मीदवारों द्वारा देय है। भा.वि.प्रा. द्वारा भर्ती के किसी भी चरण में किसी भी प्रकार का अन्य भुगतान नहीं मांगा जाता है।

ऐसे बेईमान लोगों/एजेंटों/संदेशों/मोबाइल फोन कॉल से लेन–देन करने वाला कोई भी व्यक्ति ऐसा अपने व्यक्तिगत जोखिम और लागत पर करेगा। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण किसी भी प्रकार से इसके परिणामों के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

यदि कोई भी व्यक्ति इस तरह की धोखाधड़ी/फर्जी भर्ती रैकेट का शिकार हो जाता है, तो उन्हें स्थानीय पुलिस स्टेशन में धोखेबाजों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की सलाह दी जाती है।

कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन)

एनआईटी सं.-03/2024-25

CBC 03111/12/0003/2425